हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

12 हल्बा-हल्बी युवक-युवती सम्मेलन में छात्र...



12 प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द, भाजपाइयों ने एफआईआर..





## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड का किया गया भूमिपूजन



**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत अभनपुर के आश्रित ग्राम चिहारीपारा में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड का ग्राम पंचायत सरपंच उप सरपंच गांव के मुखिया एवं गायंता के द्वारा विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच भाऊराम भास्कर, उप सरपंच टिकेश्वर सिंन्हा, रोजगार सहायक सुरेंद्र कोर्राम, ग्राम पंचायत सचिव विष्णु सिंन्हा, गांव के गायता राजाराम नेताम, सुबे सिंग कुंजाम एवं ग्राम पंचायत के सभी वार्ड पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तालाकुर्रा में 20 व कोकानपुर में मेला लगेगा 21 को

**कोरर।** ग्राम तालाकुर्रा का वार्षिक मेला 20 दिसम्बर को एवं ग्राम कोकानपुर का मेला 21 दिसम्बर को लगाया जाएगा। ग्राम तालाकुर्रा के बिहाउ कोर्राम ने बताया कि वार्षिक मेला के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम कोरचेटोला के भुइंया के सिंगार का आयोजन रखा गया है। ग्राम के उपसरपंच जोगी राम नरेटी, पूर्व सरपंच विनोद रावटे, पूर्व जनपद सदस्य मनीपदमाकर,महेश भुर्याय,दिलेश यदु,विजय यदु, सरवन जैन, भुनेश्वर नुरुटी,तामेश्वर हिचामी आदि आयोजन की व्यवस्था में रहेंगे। इसी तरह 21 दिसम्बर को ग्राम कोकानपुर का मेला रखा गया। इसके उपलक्ष्य में ग्रामवासियों द्वारा नाचा पार्टी का आयोजन रखा गया है। इसकी तैयारी में कलीराम उयके,अनिल यदु,दिनेश कांगे,माखन मंडावी,नरसिंग कुमेटी,नारद यादव,लखन टेकाम, पारसमणी जैन, मेला उत्सव का व्यवस्था संभालेंगे।

### ग्रामीणों को डस्टबीन का किया वितरण



**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत अभनपुर में स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को कचरा डालने के लिए डस्टबीन का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच भाऊराम भास्कर द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत कहा कि साफ-सफाई रखने से हम लोग बीमारियों से भी दूर रहते हैं। यही वजह है कि आज पूरे देश में सफाई अभियान एक क्रांति के रूप में काम कर रहा है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### झिटकाटोला व परेकोडो में यात्रा का हुआ शुभारंभ

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विकासखंड के ग्राम झिटकाटोला एवं ग्राम पंचायत परेकोडो में आज 19 दिसबंर को शुभारंभ हुआ। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में जिला से आईसी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र सरकार की फ्लेक्सी योजना की जानकारी दिया जाएगा। जनपद सीईओ नीलम उयके ने बताया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड दुर्गुकोंदल में 19 दिसंबर से 17 जनवरी 2024 तक विभिन्न ग्राम पंचायत के मुख्यालय में जारी रहेगा, जिसकी तैयारी ब्लॉक स्तर पर की गई है।

---

**घपला : लापरवाही उजागर होने के उपरांत गलती करने वालों पर दर्ज नहीं हुई एफआईआर**

# भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल में सप्लाई हुए टैंकर निकले गुणवत्ताहीन, राशि वापिस करने जारी हुआ फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दोनों सीईओ को 17 तक राशि करना था वापस, आज होगी तस्वीर स्पष्ट

भानुप्रतापुर और दुर्गुकोंदल में 40 टैंकर की सप्लाई डीएमएफ मद से की गई थी। शिकायत के बाद मामले की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि गुणवत्ताहीन टैंकर की सप्लाई हुई है और कई पंचायतों में टैंकर सप्लाई नहीं हुआ है। जिला पंचायत सीईओ ने उक्त कार्य को निरस्त कर दिया और जनपद पंचायत सीईओ से जारी हुई राशि को वापस करने फरमान जारी किया गया है। राशि वापिस करने का फरमान जारी होने के बाद हडकंप मच गया है।

जनपद पंचायत के द्वारा नियमों को ताक में रखकर सोलर लाइट, टैंकर और अन्य कई कार्य किए गए। मीडिया ने जिन कार्यों को संज्ञान में लाया, उन कार्यों में प्रशासन ने कार्रवाई की। डीएमएफ से अभी तक जो भी कार्य करवाए गए हैं, उनकी जाँच किया जाए तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है। सोलर लाइट घोटाले को उजागर किया गया, उसमें अंतागढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया था। जिला खनिज संस्थान न्यास निधि 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर और दुर्गुकोंदल में विभिन्न ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था के लिए 40 पानी टैंकर के लिए राशि जारी किया गया था।





### जाँच टीम ने टैंकर को पाया था गुणवत्ताहीन

जिला पंचायत द्वारा गठित टीम ने जाँच रिपोर्ट में बताया कि सप्लाई किए गए पानी टैंकर की गुणवत्ता एवं तकनीकी मापदण्ड अनुसार नहीं पाया गया। निर्मित पानी टेंकर का एमएससीट की मोटाई प्राक 3.15 मिमी के स्थान पर 2.50 मिमी पाई गई। चार पहिया 7.5 x 16 टायर पाया गया। पानी टंकी के अंदर जंगरोधी रबर पेन्ट नहीं होना पाया गया। पानी टैंकर की जलधारक क्षमता 5000 लीटर के स्थान पर 4120 लीटर पाया गया।

### ग्राम पंचायतों को नहीं मिला टैंकर

जिला खनिज संथान न्यास 2022-23 एवं 2023-24 में ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था के लिए पानी टेंकर 10 अक्टूबर 2023 तक ग्राम पंचायत चिहरो, दमकसा, झिटकाटोला, कलंगपुरी विकासखण्ड दुर्गुकोंदल को नहीं मिला था, इसकी राशि ठेकेदार को दे दिया गया था। इस मामले में अमानत से खयानत के तहत सीधे अपराध दर्ज होना था, परंतु अपराध दर्ज होने के बजाए राशि वापिस करवाने की प्रकिया अपनाई जा रही है। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बजाए सीधे बचाया जा रहा है।

### सीईओ को राशि वापस करने मिला फरमान

जिला पंचायत सीईओ ने भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के सीईओ को 17 ग्राम पंचायत में प्रदाय किए गए पानी टैंकर की राशि 38.25 लाख रुपए और दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत के सीईओ को 16 ग्राम पंचायत में प्रदाय किए गए पानी टैंकर की राशि 36 लाख रुपए को तीन दिन में वापिस करने निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह पत्र 14 दिसंबर को जारी किया गया। इसके अनुसार 17 दिसंबर को जमा करना था, परंतु 17 और 18 को अवकाश होने के कारण दो दिन का समय मिल गया। दोनो सीईओ 19 दिसंबर को राशि

### सही ढंग से नहीं हुई जाँच, एफआईआर दर्ज करने उठेगी माँग

जानकारों की मानें तो टैंकर घोटाले की जाँच भी सही ढंग से नहीं हो पाई है। जाँच जो अभी तक हुई है, वो पूर्ण रूप से उसमें लापरवाही बरती गई है। टैंकर घोटाले की जाँच जिलास्तर के अधिकारियों से सही ढंग से करवा दिया जाएं तो करोड़ों का घोटाला सामने आ सकता है। इस मामले में कई अधिकारियों के लिप्त होने के कारण जाँच में भी लीपापोती की जा रही है। इस घोटाले में लिप्त ठेकेदार और अधिकारियों को बचाने का जो षड़यंत्र रचा जा रहा है। उसका भी जल्द खुलासा होगा और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग जनप्रतिनिधि उठा सकते हैं।

---

# घर की बाड़ी में लगे तार को हटाने को लेकर परिजनों में विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- आपस में हुई मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया मामला

दसपुर के यादवपारा में घर की बाड़ी में लगे तार को हटाने को लेकर एक ही परिवाार में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मामला मारपीट में बदल गया। मारपीट के शिकार हुए प्रार्थी ने थाना में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कोतवाली कांकेर में शिकायत करने पहुँचे दसपुर यादवपारा के निवासी 65 वर्षीय राजकुमार मटियारा पिता मेहत्तर राम मटियारा ने पुलिस को बताया कि अपने घर के पीछे तरफ जानवर आने से रोकने के लिए बाड़ लगाई थी, जिसे 18 दिसंबर सोमवार को सुबह करीबन 7 बजकर 45 मिनट पर देखा, उसे कोई हटा दिया था। मैंने तार के बाड़ को कौन हटा दिया है, कहकर चिल्लाया। उसी समय मेरे चाचा के लड़के कुबेर मटियारा और संतोष मटियारा दोनों घर से निकलकर आएं और मुझे गाली देते हुए जान से मार देंगे कहते हुए कहने लगे कि इस गली मे चलने नही देंगे कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। कुबेर मटियारा हाथ मे रखे डंडे से मेरे पीछे जांघ में मारा, हाथ से रोका उसके बाद सिर में डंडा से हमला बोल दिया। दोनों ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

# पति ने पत्नी को जान से मारने की धमकी देते हुए की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पत्नी जान बचाकर पहुंची थाना, जुर्म दर्ज

चारामा थानांतर्गत सोसायटीपारा निवासी मनीषा वर्मा ने चारामा पुलिस को बताया कि मेरे पति अनूप वर्मा 17 दिसंबर की रात को 7 बजे परिवारिक बात को लेकर विवाद करने लगा और गाली देते हुए मारपीट करने लगा। मेरा पति गुस्से में आकर जान से मारने की नीयत से हमला बोला और मैं जान बचाकर थाना पहुँची। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँची 34 वर्षीय मनीषा वर्मा पति अनूप वर्मा ने पुलिस को बताया कि मैं वार्ड क्रमांक 10 सोसायटीपारा चारामा की निवासी हूँ और 17 दिसंबर की रात को 7 बजे खाना बना रही थी। मेरे पति अनूप वर्मा भी घर पर मौजूद थे। कुछ समय बाद जब किचन से गंदा पानी को बाहर आंगन में डालने के लिए निकली तो सुनी की मेरी सास मुझे व मेरी जेठानी किरण वर्मा को अपशब्द बोल रही थी। सास की बातों से सहमति जताते हुए मेरे पति भी बोल रहे थे कि घर में गलत लोग है, सभी को एक एक करके लात जूते से मार के बाहर निकालो बोले। उसके बाद मेरे पास किचन में आकर बोले कि आज से तू मेरी मां व ननंद निशा वर्मा का पूरा काम तुम करोगी, तब मैं





बोली कि करूंगी, पर उनको भी मेरा सहयोग करना पड़ेगा। इस बात पर मेरे पति आक्राशित होकर गुस्से में मुझे गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि मेरे से जुबान लड़ाती है, तेरी औकात क्या है। तब मैं बोली की छोटी सी बात पर मुझे इतनी गंदी गंदी गाली क्यों दे रहे हो। मेरे पति मेरे को गलत बोलते हुए मेरे भाई और पिता के बारे में बोलते हुए जान से मार दूंगा कहकर घर में रखे कच्चे गन्ने से मुझे मारने लगे। मैं अपना बचाव करने लगी, तो मेरे बाल को पकड़कर वाशबेसिन के पास दीवाल में मेरे सिर को मारे, तब मैं अपने बचाव करते हुए वहां से भागी हूं। मेरे पति मेरे पीछे पीछे आम रास्ता गली तक आकर तेज आवाज में गाली देते हुए कहा कि कहां तक भागेगी आज तो तुझे ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

# धान पैसे की बात को लेकर बहनों में हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दोनों पक्षों ने एक- दूसरे पर दर्ज कराया मामला

बांदे थानांतर्गत धान पैसे की बात को लेकर तीन बहनों में विवाद हो गया। दो बहनें और माँ ने धान बेचने वाली तीसरी बहन से पैसे की माँग की। तीसरी बहन और उसके पति ने पैसे की माँग करने पर मारपीट कर दिया और विवाद बढ़ गया। दोनों तरफ से एक दूसरे के खिलाफ मारपीट का शिकायत किया गया, जिस पर दोनों पक्षों पर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार बांदे थाना में पहले गुट से पहली शिकायत करने पहुँची 28 वर्षीय पायल सरदार पति प्रकाश सरदार ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम नया कराठी थाना भानुप्रतापपुर की रहने वाली है और रोजी मजदूरी का काम करती हूँ। उसकी मां अंजली मण्डल का धान फसल को मेरे दीदी मालती मण्डल और जीजा सुशांत मण्डल ग्राम पीव्ही 62 से बिक्री करने के लिए लाए थे, उक्त धान दीदी और जीजा के द्वारा बिक्री कर दिया है और धान बेचने के बाद मिले पैसा मेरे मां को नहीं दे रहा है। पैसा को मांगने पर दीदी के द्वारा माँ को फोन करके पैसा देने के लिए पीव्ही 74 बुलाई थी। मेरी मांग 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे के आसपास छोटी बहन झरना मिस्त्री तथा पुत्री वर्षा सरदार के साथ ग्राम पीव्ही 74 दीदी के घर पास पहुंची। मेरे दीदी मालती मण्डल से धान का पैसा मांगने पर वह गुस्सा में आकर गाली देते हुए पैसा देने से मना कर दिया। दीदी के आवाज को सुनकर जीजा सुशांत मण्डल भी गाली देते हुए तुझे पैसा नहीं देंगे। गांव में हमारे बेइज्जती करने के लिए आए हो कहते हुए जान से मारकर फेंक देंगे की धमकी देते हुए जीजा एवं दीदी दोनों मेरे बाल नोचकर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगे। मारपीट की घटना को देखकर मेरी पुत्री वर्षा सरदार छुड़ाने आई, तो उसे भी मालती मण्डल के द्वारा हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगी। मारपीट को छुड़ाने के लिए मेरी छोटी बहन झरना मिस्त्री तथा गांव के अन्य लोग आकर बीच बचाव किए। मारपीट करने से मेरे सिर, चेहरा, गला व वर्षा सरदार के गला, बांये हाथ में चोट आई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया।



दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुँची मालती मंडल पति सुशांत मंडल ने पुलिस को बताया कि 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पायल और झरना मिस्त्री के द्वारा नकद लेनदेन की बात का लेकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

---

# लखनपुरी में कृषि विभाग ने किसानों को गेहूँ व सरसों के निःशुल्क बीज का किया वितरण

- आत्मा योजना में रबी फसल के लिए दिया

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम लखनपुरी में 18 दिसम्बर को कृषि विभाग के द्वारा आत्मा योजना के तहत रबी फसल के लिए किसानों को निःशुल्क बीज गेहूँ व सरसों का वितरण किया गया।

विकासखंड चारामा के ग्राम लखनपुरी के किसानों को कृषि विभाग के द्वारा 18 दिसम्बर को निःशुल्क बीज वितरण किया गया। लखनपुरी के किसान भूपेंद्र शर्मा व देवेंद्र शर्मा को निःशुल्क बीज गेहूँ 40 किलो एकड़, सरसों 2 किलो एकड़ वितरण किया गया है। बीज उपचार कर किसानों को बीजोपचार से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दिया गया हैं। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकार राजकुमार सिन्हा ने किसानों को बताया कि पूसा तेजस किस्म भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद के इंदौर संस्थान द्वारा विकसित की गई है। इस किस्म को वित्तीय ▶▶| शेष पेज 10 पर



---

# पेंशनर्स दिवस पर छत्तीसगढ़ में पेंशनर कल्याण बोर्ड स्थापित करने की उठी माँग

- केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथि से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत मांगा

**कांकेर।** पेंशनर दिवस पर जिलेभर और अन्य जिलों के पेंशनरों ने एकत्र होकर हो रही दिक्कतों पर चर्चा की। इसके साथ ही पेंशनर फेडरेशन की जो माँगें है, उन पर विचार किया गया। आयोजित बैठक में जगदलपुर, नारायणपुर, कोंडागांव, भानुप्रतापपुर, फरसगांव, धमतरी, नरहरपुर एवं पखांजूर से पेंशनर्स शामिल हुए।

पेंशनर्स दिवस पर 17 दिसंबर को राजस्थानी भवन में पेंशनर्स फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष विरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। प्रांताध्यक्ष ने शासन के द्वारा पेंशनरों को वर्तमान में मिल रही सुविधाओं से अवगत कराया और बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 65-70, 75-80 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत पेंशन राशि में अनिवार्य रूप से वृद्धि करने, पेंशनरों को मेडिकल भत्ता देने, कैशलेस सुविधा दिए जाने, केन्द्र सरकार के द्वारा



घोषित तिथि से ही छग राज्य के पेंशनरों को महंगाई भत्ता व महंगाई राहत स्वीकृत किए जाने, छग एवं मप्र के बीच राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत बाधक धारा 49 (6) को विलोपित करने के लिए राज्य शासन से मांग किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी पेंशनरों को स्थानीय निकायों एवं निगम मंडल की योजनाओं में निर्मित भवन के आवंटन में 5 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने की मांग की है, साथ ही पेंशनर की सेवानिवृत्त के बाद मिलने वाली पेंशन राशि में अधिक भुगतान के वसूली पर तत्काल रोक लगाई जाने की मांग की। छग में ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

# पुलिस ने छोटेबेठिया व पखांजूर इलाके में शराब कोचियों को दबोचा

- शराब पिलाने वाले को भी पकड़ा

**कांकेर।** देशी शराब बनाकर बेचने का काम जिले के अंदरूनी इलाकों पर बेधड़क चल रहा है। आबकारी विभाग की टीम कार्रवाई करने के लिए सामने नहीं आती है। पुलिस जानकारी मिलने पर लगातार कार्रवाई करते रहती है। छोटेबेठिया पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की पीव्ही 92 (धरमपुर) पर शैलेन्द्र विश्वास अपने घर के पास अवैध धन लाभ कमाने के लिए अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर रहा है। खबर की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस टीम ने 17 दिसंबर को साढ़े 9 बजे शराब कोचिया शैलेंद्र विश्वास के घर छापामार कार्रवाई की। उसके कब्जे से हरा कलर जरकीन में देशी हाथ भट्टी का शराब करीब 3 लीटर मिला। आरोपी का कृत्य आबकारी एक्ट 34(1) का पाए जाने पर थाना



लेकर आया। आरोपी को धारा 91 जाफौ का नोटिस जारी किया। शराब बिक्री के संबंध में जो कोई वैध लाइसेंस नहीं होना बताया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जुर्म जमानतीय होने एवं समक्ष जमानतदार पेश करने पर 10000-10000 हजार रुपए के जमानत मुचलका पर छोड़ा गया हैं। मामला जमानतीय होने व सक्षम जमानदार मौके पर पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुराना बाजार बस स्टेंड पखांजूर में मुखबीर द्वारा जानकारी मिली कि ग्राम पीव्ही 46 का बंकिम राय अपने दुकान में अवैध धन अर्जित करने अवैध रूप से आने जाने वालों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराकर ▶▶| शेष पेज 10 पर

---

**व्यक्ति को केवल अपने काम और कर्म पर ध्यान देना चाहिए**

# ब्रह्मचारी भक्तों द्वारा भगवत गीता के वितरण से माहौल हुआ कृष्णमय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

इस्कॉन संस्था के ब्रह्मचारी भक्तों द्वारा पूरे शहर के अलग अलग चौक और चौराहों पर भगवतगीता ग्रंथ का वितरण किया गया। शहर के जिला अस्पताल कोमल देव के पास इस्कॉन संस्था के ब्रह्मचारी भक्तों द्वारा गीता जयंती के अवसर पर भगवत गीता ग्रंथ का वितरण किया, जिससें संपूर्ण शहर कृष्णमय हो गया।

रायपुर संस्था के संचालक तमाल कृष्ण दास का कहना है कि हर चौक गली में हरिनाम संकीर्तन और भगवदगीता का वितरण होना चाहिए। इसी उद्देश्य से भगवदगीता का वितरण कांकेर में किया गया, इससे संपूर्ण कांकेर शहर कृष्णमय हो जाएगा। भगवदगीता का उपदेश हर युग में मनुष्यों के लिए सार्थक है और जो गीता का भेंट अथवा संदेश का वितरण करते हैं, उनके सारे पाप नष्ट हो जाते है और पुण्यों की प्राप्ति होती हैं। जीवन के कष्टों से छुटकारा प्राप्त होता है, यहां प्रभु ने भक्तों के संदेह और प्रश्नों का उत्तर दिया। ऐसे ही एक भक्त के प्रश्न का उत्तर देते उन्होंने कहा कि बचपन से ही श्रीमद् भगवद् गीता हमें पढ़नी चाहिए, क्योंकि जीवन का कोई भी भरोसा नहीं है, कभी भी हमें इस शरीर को त्यागना पड़ सकता है। भगवद् गीता में आत्मा, परमात्मा, भक्ति, कर्म, जीवन आदि का वृहद रूप से वर्णन किया गया है। गीता से हमें यह ज्ञान मिलता है कि व्यक्ति को केवल अपने काम और कर्म पर ध्यान देना चाहिए, साथ ही कर्म करते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम जो भी कर्म कर रहे हैं, उसका फल भी हमें निश्चित ही प्राप्त होगा हमारे जीवन की सभी समस्याओं का समाधान इस ग्रंथ में है। ग्रंथों के वितरण के दौरान भक्त वत्सल प्रभु , संकीर्तन चैतन्य प्रभु, दयानिधि प्रभु, यश प्रभु, पीताम्बर प्रभु, लाला प्रभु, हेम प्रभु , हर्षल प्रभु, दीपांशु प्रभु आदि उपस्थित रहे।



---

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास जयंती समारोह का गारका शानदार आयोजन

केशकाल। केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गारका में सोमवार को गुरु घासीदास बाबा की जयंती हर्षोल्लास के साथ बड़े धूमधाम से मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधानसभा के पूर्व विधायक संतराम नेताम शामिल हुए। गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर उपस्थित समाज गंगा को संबोधित करते हुए संतराम नेताम ने कहा कि गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैले कुरीतियों सामाजिक विसंगतियों भेदभाव छुआछूत की भावना को दूर किया। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि सतनामी केवल विशेष जाति वर्ग नहीं है अपितु जो परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के दिखाए मार्ग पर चले, सत्य मार्ग पर चलता है वही सतनामी है ।उन्होंने इस अवसर पर पूज्यनीय स्वर्गीय मिनीमाता को भी याद किया कि और कहा की उनका ही आशीर्वाद है कि आज महिलाएं राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं तथा विभिन्न पदों पर आसीन है।

### सुरक्षित पारा सुरक्षित लइका थीम पर रैली



कोण्डागांव। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी, यूनिसेफ ,उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 18 व 19 दिसम्बर को चयनित ग्राम सुवा डोंगरी, गदरा बेड़ा में कुपोषण मुक्ति, यौन हिंसा, शिक्षा का बाल अधिकार, बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाते हुए रैली निकाली,नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक किया गया। गाव में कुपोषण दूर करने के लिए स्वसेवको ने ग्राम वासियों पालको को समझाया। जिला संगठक शशि भूषण कन्नौजे ने अभियान में उपस्थित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया । जागरूकता अभियान को सफल बनाने में शिक्षिका मधु तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बानगांव, चांदागांव, चरकई व मोहलई में भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव ब्लाक के ग्राम बानगांव और चान्दागांव में रविवार और सोमवार को चरकई और मोहलई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित अलग अलग 17 योजनाओं को बताया गया। जिसमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट योजना, जल-जीवन मिशन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि योजनाओं के लाभार्थियों ने इन योजनाओं से अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलाव के संबंध में बताते हुए ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया। ग्राम बानगांव में 176 आवेदन प्राप्त हुवे जिनमे से 110 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया बाकी 66 आवेदन के लिए समय दिया गया है, इसी तरह ग्राम चांदागांव में 347 आवेदन प्राप्त हुए जिनमे से 291 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है शेष 56 आवेदनों के निराकरण के लिए समय दिया गया है । इसी तरह चरकई और मोहलई में भी ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया गया । इस दौरान फरसगांव एसडीएम अनिकेत साहू, एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा, तहसीलदार जयकुमार नाग, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम में केंद्र सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी**





जांच पड़ताल : फसल बर्बाद होने से किसान हीरू बढ़ाई ने आत्महत्या की थी

# कुकड़ाझोर के मृत किसान के परिजनों से कांग्रेस जांच समिति ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



जिले के कुकड़ाझोर में कृषक हीरु बढ़ई ने विगत 12 दिसंबर को फसल बर्बाद और कर्जा के बोझ से अपने ही खेत मे कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली थी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा घटना की जानकारी लेने के लिए एक जांच समिति गठित की गई है जिसमें बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ,संयोजक और पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप, जिला कांग्रेस कमेटी नारायणपुर के अध्यक्ष रजनु नेताम शामिल थे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा गठित 5 सदस्यीय जांच समिति के सदस्य ग्राम कुकड़ाझोर पहुंच कर मृतक किसान के परिवारजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और घटना की जानकारी ली साथ ही पांच सदस्यीय जांच समिति के सदस्यों ने ग्राम के अन्य किसानों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जांच समिति ने परिजनों और गाँव के अन्य किसानों का भी बयान दर्ज कर रिपोर्ट तैयार की। परिजनों से बताया कि स्व. हिरू बढ़ई ही घर का पालन पोषण करता था इस साल घर मे बेटे का शादी होने वाला था किंतु इस वर्ष 9 एकड़ मे केवल 70 बोरी ही धान की पैदावार हुई और सर पर 1 लाख 24 हज़ार का कर्ज था जो हमेशा कहते थे कि इस बार पैदावार अच्छी नहीं हुई है तो कैसे कर्ज पटायेंगे कहकर आत्महत्या कर ली। जांच समिति ने मृतक किसान के परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली जिसे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौपा जाएगा। जांच समिति ने हर हालत मे पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात की।

इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम, सांसद प्रतिनिधि अजय देशमुख पी सी सी सदस्य राजेश दीवान, नारायणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, शहर अध्यक्ष रवि देवांगन,तोहित खान,प्रमोद नैलवा,सुनीता मांझी,शिवप्रसाद पांडे,राजू देहरी, रोशन खत्री, किरण कुमार वड्डे वेदवती पात्र,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बोधन देवांगन, विजय सलाम,धर्मा पाढ़ी, दीपक गांधी,भुवनेश्वर बघेल अल्ताफ खान, आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# नक्सली पीड़ित पुनर्वास समिति की बैठक में आर्थिक सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला स्तरीय नक्सली पीड़ित पुनर्वास समिति की बैठक कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा के द्वारा आयोजित की गई । जिले के पुनर्वास समिति द्वारा नक्सली पीड़ितों के आश्रितों को राहत राशि एवं उनके पुनर्वास के लिए निर्णय लिया गया है। जिले के ग्राम गोगला निवासी 38 वर्षीय नक्सली पीड़ित चैतूराम नुरेटी के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है । इसी प्रकार ग्राम बेड़मा निवासी अमरलाल कश्यप के लिए राहत राशि स्वीकृत किया गया है। भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सदस्य रामूराम के द्वारा आत्म समर्पित करने पर अनुग्रह राशि स्वीकृत किया गया । झारा निवासी रामजी दोदी कि नक्सली घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित सुकली बाई के लिए राहत राशि स्वीकृत किया गया है। 4 नवंबर 2023 को रतन दुबे की नक्सली घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित श्रीमती रमा दुबे के लिए राहत राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य ग्राम अंजरेल में लगे वाहनों को क्षतिग्रस्त किए जाने पर वाहन मालिक जितेंद्र जायसवाल, नरेंद्र उर्फ नरेश गायकवाड और पुलेंद्र जैन के लिए पुनर्वास योजना के तहत अनुग्रह राशि स्वीकृत किया गया है

इसी प्रकार 2017 में नक्सली घटना में सन्नूराम वडडे का मृत्यु होने पर उनके आश्रित सामी वडडे, 2023 में बादीराम कुमेटी का नक्सली घटना में मृत्यु होने पर उनके आश्रित सोमनाथ कुमेटी और हादावाड़ा निवासी संतोष का मृत्यु होने पर उनके पत्नी आश्रित सोनाय के लिए राहत राशि स्वीकृत की गई। यह तीनों आश्रित शासकीय नौकरी के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं जिसे परीक्षण पश्चात उचित कार्यवाही किया जाएगा । पुनर्वास समिति की बैठक में आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त बद्रीश सुखदेवे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग की क्रिकेट स्पर्धा में सीएचसी फाइटर की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा फरसगांव नगर के हाई स्कूल मैदान में पांच दिवसीय जिला स्तरीय ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट मैच प्रतियोगिता सीजन-3 का आयोजन किया गया, जिसका समापन 18 दिसम्बर सोमवार को किया गया । प्रतियोगिता के समापन में फाइनल मैच सीएचसी फाइटर और आरएचओ फाइटर के मध्य खेला गया, जिसमें आरएचओ फाइटर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 101 बनाये वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएचसी फाइटर की टीम ने 14 बॉल शेष रहे मैच को बड़ी आसानी से जीत लिया और सीजन-3 के खिताब पर कब्जा किया है । सीजन-3 के विजेता टीम सीएचसी फाइटर को नगद 13000 हजार रुपये राशि और ट्रॉफी दिया गया वही उपविजेता टीम आरएचओ फाइटर को नगद 10000 हजार रुपये और ट्रॉफी मुख्यअतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के सिंह के द्वारा ट्रॉफी के साथ नगद राशि प्रदान किया गया । इस प्रतियोगिता में मेन ऑफ द मैच टिकेश नेताम रहे , मेन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बेस्टमेन इन तीनो ट्राफी शशिकांत टांडिया को मिला । इस प्रतियोगिता के समापन के दौरान आयुष अधिकारी डॉ विनोद बिहारी धर, बीएमओ डॉ आर ज्योतिर्मय प्रभावती, शंकर सरकार, बीपीएम चेतन चौहान, डॉ रोहणी राणा , के.वी. जनरल स्टोर संचालक मोहम्मद फिरोज, कमल मेडिकल स्टोर्स संचालक कमल साहू, उमेश मेडिकल स्टोर्स संचालक गणेश जायसवाल, कृष्णा मेडिकल स्टोर्स संचालक कृष्णा साहू , आयुष मेडिकल स्टोर्स संचालक आयुष कर सहित कोंडागाँव जिले के समस्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी दर्शकगण मौजूद रहे । इस क्रिकेट मैच प्रतियोगिता में कोमेंट्रेटर गुरूपाल सिंह, सुरेंद्र जैन के द्वारा किया गया । वही इस आयोजन को सफल बनाने में फरसगांव के वायएससी क्रिकेट टीम के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा ।



# गांड़ा जाति पर शोध के लिए डा. त्रिपाठी को पीचडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान संकाय के तहत इतिहास विषय की पीएचडी मौखिकी का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया। जिसमें सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत इतिहास विषय में पीएच.डी. पाठ्यक्रम में शोधार्थी राजाराम त्रिपाठी द्वारा अपने शोध प्रबंध विषय अनुसूचित जाति के अंतर्गत गांडा जाति की सामाजिक आर्थिक संरचना एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धति का ऐतिहासिक मूल्यांकनष पर शोध कार्य पूर्ण करने उपरांत मौखिकी परीक्षा संपन्न हुई। श्री त्रिपाठी ने अपना शोध कार्य, शोध निर्देशक डॉ. शिखा सरकार, सहायक प्राध्यापक, शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय, दंतेवाड़ा के निर्देशन शोध केन्द्र शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर में पूर्ण किया। सफल मौखिकी के उपरांत 15 दिसंबर को कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव तथा रजिस्टर अभिषेक बाजपेई ने शोधार्थी राजाराम त्रिपाठी को उक्त विषय पर डॉक्टर आफ फिलासफी की डिग्री अवार्ड किए जाने की उद्घोषणा पत्र विधिवत प्रदान किया।

## मक्का लदा ट्रक पलटा






कोण्डागांव। पलारी के पास मक्का लेकर आते वक्त ड्राइवर की लापरवाही से ट्रक पलट गई जिस में किसी की जनहानि की नही हुई।

## कत्लखाना ले जाते एक पशु तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार



कोण्डागांव। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय, अक्षय कुमार के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में केशकाल पुलिस के द्वारा आरोपी को किया गिरप्तार। 15 दिसबर को प्रार्थी सत्येन्द्र भेडिया पिता राम दयाल भेडयिा उम्र 40 वर्ष निवासी कोहकामेटा के द्वारा लिखित रूप से रिपोर्ट दर्ज कराया कि सगराम नेताम एवं समीर खान उर्फ पठान के द्वारा मिलकर के पीकप क्रमांक ब्ळ 15 द। 0814 में भैसो को परिवहन करते हुए कत्ल करने के लिए ले के जा रहे है । सूचना पर थाना केशकाल में अपराध क्रमांक 114द्2023 धारा छ.ग. कृषि पशु परिक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6,10 पंजीबद्ध किया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही की गयी। आरोपी सगराम नेताम के कब्जे से पीकप क्रमांक सीजी 15 डीए 0814 को एवं 04 नग भैसा को जप्त कर भैसो को सुरक्षार्थ कांजी हाउस केशकाल मे रखा गया है । आरोपी से पुछताछ करने पर उसके द्वारा समीर खान उर्फ पठान के द्वारा मिलकर के धनोरा बनियागांव से भैसो को लेकर कत्ल करने के लिए उडीसा तरफ जाना स्वीकार किया गया ।

केशकाल घाट, केशकल बायपास को जल्द से जल्द बनाने का होगा प्रयास किया जाएगा

# जगदलपुर से रेल लाइन का विस्तार मेरी प्राथमिकता : नीलकंठ टेकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



आईएएस से इस्तीफा दे कर राजनीति में आने वाले भाजपा के नवनिर्वाचित केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि मेरी जीत भाजपा के कार्यकर्ताओं की कडी मेहनत, केशकाल की जनता का मेरे प्रति वि"वास ने मुझे जीत दिलाई है। क्योंकि 10 साल से पूर्व विधायक के कामों को जनता देख चुकी थीं। जो कि बस्तर की लाईफ लाईन केशकाल घाट और तो और शहर का धूल खाती सडकों से परेशान थे। लेकिन मेरे प्रति केशकाल की जनता ने वि"वास किया है तो मेरी पहली प्राथमिकता केशकाल घाट, केशकाल शहर के रोड बायपास को जल्द से जल्द बनवाना है। जिससे केशकाल के साथ साथ पूरे बस्तर वासियों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

**जगलदपुर से कोण्डागांव केशकाल को जोड़ेंगे रेल से**

श्री टेकाम ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बस्तर को रेलवे से जोडने के लिए किरंदुल से लेकर जगदलपुर कोंडागांव नारायणपुर भानु से दल्ली राजहरा होते हुवे रायपुर से जोडने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जिसमें रावघाट तक का काम लगभग पूरे होने को है। आगे कहा कि लेकिन मेरी पहली प्राथमिकता ये हैं कि जगदलपुर से कोंडागांव जो कि मैदानी क्षेत्र हैं ।

# विकसित भारत के निर्माण के लिए छह पंचायतों की जनता ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






विकसित भारत संकल्प की यात्र आज जिले के छः गांवों में पहुंची, जिनमें कोंडागांव विकासखण्ड के सितली, पल्ली, फरसगांव विकासखण्ड के चरकई और मोहलई तथा केशकाल विकासखण्ड के ग्राम चिपरेल और सालेभाट शामिल हैं। इन गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्र पहुंचने पर ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हुए और इस अवसर पर यहां उपस्थित ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण की शपथ ली। इसके साथ ही 'यहां धरती कहे पुकार के' नृत्य नाटिका के माध्यम से धरती को जैविक कृषि के माध्यम से उर्वरक बनाने का संदेश दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ड्रोन तकनीक तथा नैनो उर्वरक के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ग्रामीणों से साझा की। इस अवसर पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही गांव के भू–अभिलेख के शत–प्रतिशत डिजीटलीकरण के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। यहां विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां पहुंचकर ग्रामीणों ने अपनी पात्रता अनुसार सेवाओं के लिए आवेदन भी दिए। इन आयोजनों में चिपरेल में जनपद सदस्य श्रीमती संतोषी मरकाम, अनुविभागीय दण्डाधिकारी शंकर लाल सिन्हा, सरपंच सालेभाट समलू राम कुंजाम, सरपंच चिपरेल संजीलता शोरी, सहित अन्य स्थानों में विकसित भारत संकल्प यात्र के जिला संयोजक सह संयोजक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अनुविभाग तथा विकासखण्ड स्तरीय उपस्थित थे। चरकई एवं मोहलई में जनपद उपाध्यक्ष सुकलाल मरकाम, जनपद सदस्य मंजू लता मरकाम, प्रवीण बदेशा, तरुण साना, सरपंच विवेक मरकाम, मोहलई सुदेश मरकाम उपस्थित रहे।

मंगलवार को छः स्थानों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा– मंगलवार को कोंडागांव विकासखण्ड के भोगाड़ी और लेमड़ी, फरसगांव विकासखण्ड के पाण्डे आठगांव औरगट्टी पलना तथा केशकाल विकासखण्ड के चुरेगांव और डुण्डे बेड़मा में विकसित भारत संकल्प यात्र पहुंचेगी।

## पेज 9 के शेष

### घर की बाड़ी में ...

के द्वारा पिटाई किए जाने और मेरे द्वारा चिल्लाने पर मेरी बहू कमीतला मटियारा व बहन मान मटियारा ने बीच बचाव किया। मारपीट से सिर, जांघ, बांये हाथ की उंगलियों में चोट लगी है। बहू और बहन बीच बचाव करने नहीं आते तो हमारे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। कोतवाली पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी संतोष ओर कुबेर मटियारा के खिलाफ धारा 293, 323, 34, 506 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पति ने पत्नी को...

जान से मार दूंगा, तेरी जबान बहुत चलती है। बहुत मुश्किल से अपनी जान बचाकर थाना पहुँची हूँ। पति के द्वारा मारपीट किए जाने से पूरे शरीर में अलग अलग स्थानों पर चोटें आई है। चारामा पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति अनूप वर्मा के खिलाफ धारा 294, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### लखनपुरी में कृषि ...

वर्ष 2016.17 में किसानों के लिए जारी की गई थी, जिसे पूसा तेजस एचआई 8759 के नाम से भी जाना जाता है। यह किस्म गेहूं की खेती करने वाले किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है। इस दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विवेक गंगवाल, देवेन्द्र कुंजाम, गोपाल कृष्ण अस्सिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं जगदीश भास्कर कृषक उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स दिवस पर...

पेंशनर कल्याण बोर्ड स्थापित किए जाने, उत्तर प्रदेश की भांति छग में भी 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पूर्ण पेंशन दिए जाने पर चर्चा किया गया।पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट के द्वारा समस्त पेंशनरों को प्रतिमाह आयोजित किए जाने वाले बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की बात कही। इस अवसर पर तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष पीआर गोलछा, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी जीपी जोशी, कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एसके चटर्जी, कोषाध्यक्ष पिताम्बर पारकर, प्रधान अध्यापक शिव सिंह भदौरिया, भगवानलाल टांक, नरेन्द्र श्रीवास्तव, आरआर नागवंशी, चंद्रिका प्रसाद सुरोजिया, सुरेन्द्र ठाकुर, राजन शेंडे, शिवचरण यादव, दीपक झा, हेमंत टांकसाले, पिताम्बर पारकर, महेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र वर्मा, गोपाल सिंह ठाकुर आदि पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने छोटेबेठिया...

शराब पिला रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत 17 दिसंबर को पीव्ही 46 में छापामार कार्यवाही किया गया। शराब पीने वाले पुलिस को आते देखकर भाग गए, मौके पर बंकिम राय अपने दुकान होटल में आम लोगो को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते रंगे हाथों मिला, जिसके कब्जे से दो नग डिस्पोजल गिलास जिसमें शराब की गंध आ रही थी। बजारू मिक्चर खुला पालिथिन में करीबन 50 ग्राम व दो लीटर वाला प्लास्टिक बाटल में करीबन 100 एमएल महुआ शराब कीमती 20 रुपए मिला, जिसे जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पखांजुर थाना में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

# विकसित भारत के निर्माण का ग्रामीणों ने लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 18 दिसम्बर को जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोरला, चेरपल्ली, गुदमा, सकनापल्ली, ईटपाल, चिन्नाकवाली, मुरदंडा एवं बासागुड़ा में किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित पंचायत पदाधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान के अनुरूप आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत संकल्प को पूरा करने का शपथ लिया।

कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आईईसी मोबाइल वैन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित किया गया। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन, आयुष्मान भारत कार्ड आदि के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने आवेदन पत्र प्रतिपूरित कराया गया। वहीं स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया और उन्हें निःशुल्क औषधि प्रदान किया गया।

## पूर्व सीएम रमन से मिले भाजयुमो पदाधिकारी...



**गीदम।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने गत दिवस पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर युवामोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, पूर्व विधायक बैदू कश्यप, गीदम मंडल अध्यक्ष अजय अवस्थी, महामंत्री दिनेश कौशल, राजा शर्मा, खिरेंद्र ठाकुर व युवा मोर्चा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शीतला मंदिर प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

**गीदम।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार गीदम नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में शीतला माता मन्दिर प्रांगण में आज वृहद रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें शीतला माता मंदिर समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी, स्वच्छता कर्मचारी, स्वच्छता दीदियां सहित मुख्य नगर पालिका अधिकारी गीदम बीपी ध्रुव, ऐल्डरमैन अनिल सोनी, मंदिर समिति के सदस्य रिंकू सोनी, रमेश श्रीवास, कृष्ण नाग, नगर पंचायत के कर्मचारी गिरीश कुमार तिवारी,



अंकित जैन, जिला समन्वयक संजू निर्मलकर, रामलखन पटेल, रतन यादव, देवी शंकर सैनी, नागेन्द्र विश्वकर्मा, नागेश ध्रुव के साथ सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्र की सभी योजनाएं हरहाल में धरातल पर लागू हो: अटामी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

■ नव निर्वाचित विधायक पहुंचे नक्सलगढ़ गढ़मिरी

नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी का विधानसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ दौरा जारी है। रविवार को वे नकुलनार, मैलावाड़ा होते हुए गढ़मीरी पहुंचे। सभी जगह कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। गढ़मिरी पंचायत में भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शरीक हुए। बता दे यह पंचायत घोर नक्सल प्रभावित है। यहां उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कोई भी ताकत उनको अपनों के बीच जाने से नही रोक सकती। इसी जनता के आशीर्वाद से विधानसभा पहुंचा हूं। अब केंद्र में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाने के भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। देश की जनता फिर से आशीर्वाद देकर प्रचंड बहुमत से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएगी। संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र की योजनाओं की हकीकत जानना है। वाकई में योजनाओं का लाभ छग में कांग्रेस सरकार के रहते पूरा मिला है कि नही, यदि नही मिला है, तो अब डबल इंजन की सरकार ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ कम समय में दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# संतोष व रूक्मणी महिला प्रकोष्ठ के बने जिलाध्यक्ष

## गायत्री परिवार में युवा और महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

अखिल भारतीय गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गुरुदेव वंदनीया माताजी एवं वेद माता गायत्री के सूक्ष्म सानिध्य में लोकमंगल की कामना से गायत्री परिवार के परिजन बीजापुर सहित विश्व में विचार क्रांति अभियान के सप्तसूत्रीय आंदोलन में सतत प्रयासरत हैं।

गायत्री शक्तिपीठ जिले का आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां से ऊर्जा का संचार होता है और गायत्री परिजनों में विश्वास और उमंग की धारा प्रवाहित होती है। गायत्री परिवार संगठन अपने शाखाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज जिला स्तरीय युवा प्रकोष्ठ की बैठक शक्तिपीठ ने आयोजित की। जिसमें चिकलखुटी कोंडागांव आश्रम से आए महाप्राण पुरोहित एवं उनके टोली के मार्गदर्शन में युवाओं को युग निर्माण के सूत्र बताए गए। विदित हो कि वर्ष 2026 में वंदनीय माता एवं अखंड ज्योति की शताब्दी के अवसर पर शांतिकुंज द्वारा युग निर्माण योजना के विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के लिए परिजनों में सक्रियता लाने का प्रयास जारी है, जिस कारण जिला स्तरीय युवा एवं महिला प्रकोष्ठ का पुनर्गठन किया गया। के. संतोष युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष और रुक्मणी झाड़ी महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत हुए।

साथ ही संगठन के सचिव, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी प्रमुख सहित अन्य पदों पर भी युवा भाई बहनों का मनोनयन किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक विजय बहादुर राजभर, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी शंकर कुडियम, वरिष्ठ परिजन एवं देवालय प्रबंधन समिति के प्रमुख रामयश विश्वकर्मा, प्रज्ञा मंडल बीजापुर के अध्यक्ष बैद्यनाथ साहू तथा सभी ब्लॉकों से आए हुए गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## गायत्री युवा प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में 75 पंचायतों के कार्यकर्ता हुए शामिल



**बस्तर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ जिला बस्तर के गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का आज कार्यशाला गायत्री प्रज्ञापीठ बस्तर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 75 ग्राम पंचायत से कार्यकर्ता व परिजनों ने भाग लिया। एक दिव्य समाज, स्वस्थ समाज एवं युवाओं में राष्ट्रीय भावना को विकसित करने, पर्यावरण के संरक्षण के लिए कार्य करने एवं नशा मुक्त समाज बनाने के लिए सोमवार को प्रशिक्षण प्राप्त किया। ज्ञात हो कि सन 2026 में गायत्री परिवार के संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा का जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम की तैयारी गायत्री परिवार के द्वारा जोरों से किया जा रहा है। इसी क्रम में गायत्री परिवार के जिला मुख्यालय जगदलपुर से आए प्रांत समन्वय लेखराम साहू ने जानकारी में बताया कि आगामी 5 फरवरी को गायत्री शक्तिपीठ जगदलपुर के नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री माता का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम भी भव्य रूप में किया जाएगा। इस कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए गायत्री परिवार मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से डॉक्टर चिन्मय पांड्या का आगमन बस्तर जिले में हो रहा है। चिन्मय पांड्या के बस्तर आगमन को लेकर के बस्तर जिले के गायत्री परिवार के कार्यकर्ता अति उत्साहित हैं।

### युवा चेतना केरियर मार्गदर्शन शिविर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम चपका में युवा चेतना कैरियर मार्गदर्शन शिविर एवं व्यसन मुक्ति कार्यशाला का आयोजन गायत्री परिवार द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूर्णतया निशुल्क है, कार्यक्रम में 14 वर्ष से लेकर के 25 वर्ष के छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभागी बड़ी संख्या में भाग ले रहे है। कार्यक्रम का संचालन शंभू नाथ नाग एवं बलदेव मरकाम के द्वारा किया जा रहा है।

# नेशनल लोक अदालत में अनेक प्रकरण निराकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 16 दिसंबर को जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, के अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर के व्यवहार न्यायालय में तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के न्यायालयों में एक साथ नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता, के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 11 खंडपीठ का गठन किया गया था। सभी न्यायालयों में प्री-लिटिगेशन के मामले जैसे-बैंक, विद्युत, नल-जल, बीएसएनएल एवं राजस्व न्यायालयों के मामलों को मिलाकर 7260 प्रकरण रखे गये थे। जिनमें से 5313 मामले निराकृत हुए। जिसमें प्री-लिटिगेशन के 17,02,044 रुपये राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार सभी माननीय न्यायालयों में लंबित नियमित मामले कुल 1446 रखे गये थे। जिनमें से 1250 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 1,96,21,597 रुपये राशि का एवार्ड पारित किया गया। इस प्रकार सभी मिलाकर इस लोक अदालत में कुल 8706 प्रकरण रखे गये थे, जिसमें से कुल 6563 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 2,13,23,641 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। उक्त लोक अदालत वर्चुअल एवं भौतिक दोनों रूप में आयोजित किया गया था। नेशनल लोक अदालत में आज मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दंतेवाड़ा के खंडपीठ क्रमांक 1 के पीठासीन जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के न्यायालय के मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में कुल 7 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल राशि 1,03,20,000 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। संतोष कुमार तिवारी, न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा के न्यायालय से 2 प्रकरण का निराकरण करते हुए 5500 का अवार्ड पारित किया गया। प्रवीण कुमार प्रधान, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के न्यायालय से 2 प्रकरण का निराकरण करते हुए 44,00,000 का अवार्ड पारित किया गया। शान्तनु कुमार देशलहरे, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नक्सल कोर्ट, दंतेवाड़ा के न्यायालय से 3 प्रकरण का निराकरण करते हुए 30,55,609 का अवार्ड पारित किया गया।

**सरपंच को जानकारी नहीं, सचिव के पास हिसाब-किताब**

# ग्राम पंचायत चोकर में आधे अधूरे कार्य से परेशानी बढ़ी






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

ग्राम पंचायत चोकर में ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्य आधे अधूरे हैं। ग्राम पंचायत ने स्वीकृत फंड से पूरी रकम निकाल ली है, सरपंच को फंड और कार्यो्र के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उनका कहना है कि सचिव ही सारा काम देखते हैं। बस्तर विकासखंड की ग्राम पंचायत चोकर के सरपंच, सचिव और अधिकारी को आधे-अधूरे निर्माण की चिंता नहीं है।

जल जीवन मिशन व नल-जल योजना के तहत गलियों में स्थापित सार्वजनिक नलों तथा घरों में लगाए गए निजी नलों के स्टैंड पोस्ट की प्लेटफार्म निर्माण सीसी रोड निर्माण के काम को पूरा नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जहां गंदा पानी भरा हुआ है। गड्ढे में बोरिंग का पानी भर रहा है। इस पानी में मच्छर पनप रहे हैं। ग्राम पंचायत भवन के आस-पास स्थित घरों में रहने वाले मच्छरों और गंदगी से हलाकान हो रहे हैं। लोग मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

इन गड्ढों का पानी खराब हो चुका है और पानी से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। नाली निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। नाली से वेस्टेज पानी का बहाव नहीं हो पा रहा है और नालियां गंदगी से लबरेज होकर जाम हो गई हैं। गोठान योजना की खाद पंचायत भवन में पड़ी है। उसे बेचने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव की स्ट्रीट लाईट कई माह से बंद है। सरपंच लछिन बघेल से बात करने पर वे कहती हैं कि उन्हें फंड के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सचिव ही सारा कामकाज देखते हैं। किस कार्य के लिए कितनी राशि स्वीकृत हुई है, इस बारे में सचिव को ही पता है।

**नहीं मिली है पूरी रकम**

जितनी रकम मिली थी, उससे कार्य कराए गए हैं। बाकी रकम मिलने के बाद अधूरे कार्य पूरे कराए जाएंगे।

-कमल भद्रे, सचिव ग्राम पंचायत चोकर

## प्रभु श्रीराम जन्मभूमि से पहूंचे अक्षत कलश का भव्य स्वागत



**बचेली।** श्री राम जन्मभूमि से पहूंचे अक्षत कलश को लेने बचेली से स्वयं सेवक राम भक्तों का दल सुबह 10 बजे दंतेवाड़ा के लिए निकला। चार पहिया वाहनों में सवार राम भक्तों नें दंतेवाड़ा से कलश लेकर दंतेश्वरी मंदिर तक पद यात्रा की, तत्पश्चात कलश लेकर लौहनगरी बचेली की ओर निकले। पहला कलश रितेश गुप्ता ने उठाया, बचेली नगर के प्रवेश द्वार पर भक्त सुबह से प्रतीक्षा कर रहे थे। दर्शन हेतु बड़ी संख्या में भक्त एकत्र हो गये। कलश के पीछे आगे भक्तों की कतार ने यात्रा का रूप धारण कर लिया। प्रत्येक दर्शनार्थी कलश का पूजन करना चाहता था। राम भक्त डीजे की धुन में नाचते गाते राम नाम का जयकारा लगाते नगर के सभी देवस्थान तक पहूंचे। विभिन्न स्थानों में भव्य स्वागत हुआ। यात्रा समापन तक बचेली नगर अयोध्या में परिवर्तित हो गया। बचेली के सभी वार्डों से होकर यात्रा दुर्गा मंदिर बचेली पहूंची, यहां अभिमंत्रित कलश को स्थापित किया गया। अब राम भक्त अभिमंत्रित अक्षत और अयोध्या से आए पत्रक लेकर नगर के प्रत्येक घर तक पहूंचकर अयोध्या पहूंचने को आमंत्रित करेंगे।

# विधायक से मिले आरएईओ संघ के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बारसूर



ग्रामीण कृषि विस्तार संघ दंतेवाड़ा जिला के पदाधिकारियों ने दंतेवाड़ा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक चैतराम अटामी से भेंट कर क्षेत्र के विकास व संघ की मांगों को लेकर चर्चा किया।

संघ के गीदम ब्लॉक अध्यक्ष विकास जोशी ने बताया कि जिलाध्यक्ष सुरेश सवरगिरी के नेतृत्व में दंतेवाड़ा जिले के पदाधिकारी और ग्रामीण अंचल में कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारियों ने विधायक निवास में चैतराम अटामी से आज भेंट किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेश ने किसानों के हित में शासन की सभी योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन तथा अधिकाधिक संख्या में ग्रामीणों को लाभान्वित करने का विधायक को भरोसा दिलाया। विधायक ने भी दंतेवाड़ा जिले के सुदूर अंचल में पदस्थ मैदानी अमलों की ओर से किसानों के उत्थान हेतु किए जा रहे काम की प्रशंसा की। साथ ही मैदानी अमलों को आश्वासन दिया कि दंतेवाड़ा जिले को खेती-किसानी के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हर संभव मदद करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संघ की कुछ लंबित मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने पर समयबद्ध तरीके से निपटारा करने का विधायक ने भरोसा दिलाया है।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## निधन

### शमीउल्लाह खान



**जगदलपुर।** सदर प्राथमिक स्कूल के सेवानिवृत्त हेड मास्टर शमीउल्लाह खान उर्फ खान गुरुजी का निधन हो गया। वे अफजल खान के पिता एवं मो. ताहिर शेख व शेख कशीमुद्दीन के ससुर थे। सोमवार को स्थानीय मुसलिम कब्रिस्तान में सुपुर्दखाक किया गया। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हो रहे पंचायतों में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद संपूर्ण राज्य में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले भर में केंद्र सरकार के योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं उपलब्धियों का आईना दिखाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत कोंटा विकास खंड के ग्राम पंचायतों में रविवार, सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के प्रसार वाहन के पहुंचने पर ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा के तहत आज ग्राम एर्राबोर, दरभागुड़ा, मुलाकिसोली, इंजरम में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में वैन के स्वागत के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी का संदेश सभी ग्रामवासी एवं आम जनता को सुनाया गया तथा सभी लोगों को 2047 तक विकसित भारत निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया। शासन की योजनाओं के बारे में सभी आमजनों को जानकारी दी गयी तथा विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानी उनके द्वारा स्वयं सुनाया गया।



### 70 कर्मचारी अधिकारी शामिल

विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सुपोषण कीट, खाद्य विभाग के द्वारा पात्र हितग्राहियों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण एवं योजना में नवीन पंजीयन कराया जा रहा है, इसके अलावा शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वहीं क्वीज कार्यक्रम भी कराये जा रहे है, जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग समेत अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए जा रहे है। जिसमें विभिन्न नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाकर उपस्थित ग्रामीणों एवं पशुपालकों को पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं आजीविका मूलक विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दे कर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत पशुपालन ऋण के लिए अनेक पशुपालकों के किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण तैयार किए जा रहे है एवं पशु औषधियों का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में संबंधित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि सहित जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार कोंटा तथा अन्य विभाग के तकरीबन 70 अधिकारी कर्मचारी शामिल होकर अपनी सेवा दें रहें हैं।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### प्रभु श्रीराम के कलश के दर्शन को उमड़े ग्रामीण

**करपावंड।** ग्राम कोलावल क्षेत्र के माता पुजारी रविंद्र नाथ बेसरा, उड़नाथ बेसरा, माटी पुजारी राम सिंह बेसरा समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने परंपरानुसार मांदर और मोहरी बजाकर भगवान राम की कलश का स्वागत किया। दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ग्रामीणों ने दर्शन कर देवी देवता के साथ आदर पूर्वक स्वागत करते आरती उतार कर तपेश्वरी माता मंदिर में कलश को स्थापित किया। इस दौरान सरपंच सुदर्शन बेसरा, उप सरपंच संतु कश्यप, ओमप्रकाश, लकूराम, डमरू राम, लोकेंद्र निषाद, शोभाराम, ओड़िशा प्रांत से धन सिंह कश्यप समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड का किया गया भूमिपूजन

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत अभनपुर के आश्रित ग्राम चिहारीपारा में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड का ग्राम पंचायत सरपंच उप सरपंच गांव के मुखिया एवं गायंता के द्वारा विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच भाऊराम भास्कर, उप सरपंच टिकेश्वर सिंन्हा, रोजगार सहायक सुरेंद्र कोर्राम, ग्राम पंचायत सचिव विष्णु सिंन्हा, गांव के गायता राजाराम नेताम, सुबे सिंग कुंजाम एवं ग्राम पंचायत के सभी वार्ड पंच व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को डस्टबीन का किया वितरण

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत अभनपुर में स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों को कचरा डालने के लिए डस्टबीन का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच भाऊराम भास्कर द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत कहा कि साफ-सफाई रखने से हम लोग बीमारियों से भी दूर रहते हैं। यही वजह है कि आज पूरे देश में सफाई अभियान एक क्रांति के रूप में काम कर रहा है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### झिटकाटोला व परेकोडो में यात्रा का हुआ शुभारंभ


**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विकासखंड के ग्राम झिटकाटोला एवं ग्राम पंचायत परेकोडो में आज 19 दिसबंर को शुभारंभ हुआ। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में जिला से आईसी मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र सरकार की फ्लेक्सी योजना की जानकारी दिया जाएगा। जनपद सीईओ नीलम उयके ने बताया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड दुर्गुकोंदल में 19 दिसंबर से 17 जनवरी 2024 तक विभिन्न ग्राम पंचायत के मुख्यालय में जारी रहेगा, जिसकी तैयारी ब्लॉक स्तर पर की गई है।

### हत्या का आरोपी नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** जिले के रानीबोदली कैम्प पर हमला करने एवं ग्रामीण की हत्या की घटना में शामिल एक नक्सली जनमिलिशिया सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले में संचालित नक्सल विरोधी अभियान के तहत रविवार को थाना कुटरू से जिला बल की टीम गट्टापल्ली की ओर निकली थी। अभियान के दौरान गट्टापल्ली से 1 जन मिलिशिया सदस्य मिच्चा लखमू पिता इरिया उम्र 37 वर्ष निवासी गट्टापल्ली थाना कुटरू जिला बीजापुर को पकड़ा गया। उक्त नक्सली शुक्रवार को थाना कुटरू क्षेत्रान्तर्गत कैम्प रानीबोदली हमला की घटना में शामिल था, इसके अलावा 7 दिसंबर 2009 को टुंगेली निवासी माड़वी दुलगो की हत्या की घटना में शामिल था।

### निधन

#### सरिता खडहे



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल निवासी 43 वर्षीय सरपंच सरिता खडहे का बीती रात 10 बजे रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। वर्तमान में ग्राम पंचायत तरहुल के सरपंच पद पर थे।

# विशेष शिविर के तीसरे दिन थाना प्रभारी ने दी कालेज के छात्रों को जानकारी

## ग्राम भंडारडिगी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

- ठगी का शिकार होने से बचने के बताए टिप्स

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ग्राम भंडारडिगी में सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन मुख्य अतिथि दुर्गुकोंदल थाना प्रभारी मनीष कुमार नेताम बौद्धिक परिचर्चा के लिए विशेष शिविर में ठगी के शिकार होने से कैसे बचे पर जानकारी दिया।

कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की चित्रपटल पर द्वीप प्रज्वलित कर पिकेश ठाकुर, जनिता कुलदीप एवं लक्ष्मी टांडिया द्वारा राजकीय गीत प्रस्तुत कर की गई। इसके पश्चात सहायक कार्यक्रम अधिकारी खेमनलाल मंडावी द्वारा अतिथियों एवं ग्रामवासियों के सामने शिविरार्थियों के दिनचर्या की जानकारी दिया।

थाना प्रभारी मनीष कुमार नेताम ने कहा की प्रतिदिन होने वाले क्राइम, आनलाइन व ऑफलाइन धोखाधड़ी, बैंक संबंधित धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर कई ऑफर या लिंक जो लालच में आकर सारा जानकारी भर दी जाती है, जिससे हम ठगी के शिकार हो जाते हैं। इस प्रकार के जो भी घटनाएँ घटित होने से इसका समाधान गूगल या यूट्यूब में ढूंढने के बजाय शीघ्र ही नजदीकी पुलिस थाना में अपना शिकायत दर्ज कराए।



### इनकी रही मौजूदगी

थाना प्रभारी ने उच्च शिक्षा के बाद विभिन्न कैरियर अवसर से संबंधित पर जानकारी दिया। कार्यक्रम अधिकारी गोविंद राम मंडावी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी देवसिंह कांगे, दिलीप कुमार ताम्रकार, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, नीलम नाग, सत्यवंती, सुमित्रा मंडावी, भूतपूर्व सरपंच लच्छू राम नरेटी, शिविर में पदस्थ महादलनायक शिवनाथ जैन, महादलनायिका शिवागनी दर्रो, बौद्धिक परिचर्चा प्रभारी मानसिंह नरेटी समस्त स्वयंसेवक एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

## समाज : कार्यक्रम में विधायकद्वय सावित्री मंडावी और आशाराम नेताम हुए शामिल

# हल्बा-हल्बी युवक-युवती सम्मेलन में छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

- इस पहल से हल्बा-हल्बी समाज की दशा और दिशा बदलेगी

अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा/ हल्बी समाज जिला कांकेर द्वारा जिला स्तरीय युवक- युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कोरर जंजालीपारा हल्बा सामाजिक भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सावित्री मंडावी विधायक विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर , आशाराम नेताम विधायक विधानसभा क्षेत्र कांकेर, डॉ. देवेंद्र माहला अध्यक्ष केन्द्रीय महासभा अध्यक्षता, ज्ञानूराम भोयर जिला अध्यक्ष हल्बा समाज जिला कांकेर, विशेष अतिथि बीरेश ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, हेमंत ध्रुव जिला पंचायत अध्यक्ष जिला कांकेर, कमल कोसमा अध्यक्ष न्याय समिति केंद्रीय महासभा, सतीश लटिया जिला उपाध्यक्ष हल्बा समाज एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कांकेर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दंतेश्वरी कि छाया चित्र पर पूजा अर्चना पश्चात प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात जिला स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमें अच्छे अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शील्ड व गमछा प्रदान किया गया साथ हि पद्दोन्नत कर्मचारियों को गमछा व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।





इस कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य समाज के युवा पीढ़ी को आगे लाना एवं समाज के रीति नीति परंपरा को बनाए रखना शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना तथा नशा रहित समाज का निर्माण करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मंडावी ने कहा कि समाज की इस पहल से समाज की दशा और दिशा बदलेगी ऐसे कार्यक्रमों के लिए हल्बा समाज हमेशा से तत्पर रहा है। वही कांकेर विधायक आसाराम नेताम ने भी हल्बा क्रांति के विषय में कहां की 1774 से 1779 के बीच हवा क्रांति जो हुआ उस समाज को पता चलता है की हल्बा आदिवासी समाज अपने अस्तित्व और परंपरा को बचाने तथा शाहिद गैंदसिंह जी को भी उन्होंने याद किया।

मंच संचालन तेज पिद्दा जिला सचिव हल्बा सामाज एवं विनोद रावटेजिला अध्यक्ष युवा प्रभाग व जय शिवना सचिव हल्बा समाज भानुप्रतापपुर ने किया। इस अवसर पर देव बत्ती रावटे , जिला उपाध्यक्ष प्रेम भुआर्य जिला कोषाध्यक्ष , सेवालाल चिराम जिला न्याय समिति अध्यक्ष , सोनसीर गवर्ना जिला महिला प्रभाग अध्यक्ष, उमेंद ठाकुर, अमर सिंह बढ़ई, रविलाल नायक, सुखदेव पिद्दा, किरण देवी भोयर जिला न्याय समिति सदस्य, मतेसिंह भोयर जिला लेखा परीक्षक,

परशुराम भोईर ब्लॉक अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह कोठारी ब्लॉक अध्यक्ष , वासुदेव, देवराम ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष, राजेंद्र रावटे , हेमलाल गढ़िहा, जागेश्वर भलाकड़िया, बलराम बर्सेल, परमेश्वर आलेंद्र,कल्याण सिंह भोयर, राधेलाल पिद्दा,ब्लॉक महिला प्रकोष्ठ शगुन चुरेंद्र , भानुमति फरदिया , रेवती तारम, रामेश्वरी घरत, सुरेखा देहारी, मिलोतीन राना, सर्किल अध्यक्ष भुवनेश्वर भैसारा, शिवलेश जांमड़ा, दुर्गा प्रसाद भोयर, तामेश्वर चुरेंद्र, रामचरण बढ़ाई, नंदू राम राना टुकु राम भेड़िया, रामप्रसाद कोलियारा, खेमलाल पिद्दा, इंद्राकुमार करबगिया, पुरुषोत्तम सोम, राम भरोसा कोसमा, डोरेलाल गढ़िया, मनोहर लाल, प्रेम सिंह गवर्नर, टीकम नम्मुराम खरे, राम उमेश कोसमा, कुबेर कोसमा, रामरतन ठाकुर, मिलन बढ़ई, रामजी भुआर्य, देवचंद भुआर्य, ठनक टेमरिया तथा समाज के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सचिव संघ नरहरपुर के निर्विरोध अध्यक्ष बने संजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

- सचिव बने अनिरूद्ध

सचिव संघ ब्लॉक इकाई नरहरपुर निर्वाचन 2023 का आयोजन जनपद पंचायत नरहरपुर की सभाकक्ष में किया गया। जिसमें प्रांतीय निर्वाचन अधिकारी के दिए गए निर्देशानुसार सचिव संघ ब्लॉक इकाई नरहरपुर का निर्वाचन हुआ, जिसमें सभी की सहमति से निर्विरोध संजय कलिहारी को अध्यक्ष बनाया गया।

प्रांतीय निर्वाचन अधिकारी के दिए निर्देश पर सर्वसहमति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष के उपरांत संरक्षक मनीराम सलाम, उपाध्यक्ष प्रभु मण्डावी और नयन देवांगन, सचिव अनिरुद्ध जैन का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। सह सचिव लक्ष्मण सरोज, कोषाध्यक्ष विष्णु राम सिन्हा, संगठन मंत्री टेश्वर जैन एवं कार्यकारणी सदस्य लखन साहू, संतोष लोन्हारे, मन्नू राम नेताम, ईतेश्वरी राठौर, बिनेश्वरी मरकाम और विशेष सलाहकार बालाराम यादव एवं रेन कुमार पटेल को बनाया गया। मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम सोमवंशी एवं ब्लॉक प्रवक्ता भागेश साहू को बनाया गया। इस अवसर पर सचिव संघ जिला इकाई कांकेर के जिला अध्यक्ष शंभू साहू, जिला संरक्षक हेमंत मांडवी, जिला कोषाध्यक्ष चिंताराम यादव और जिला प्रवक्ता रामकरण सिंहा उपस्थित रहे।

# खेतों में लगा रहे आग विभाग ने साधा मौन



**चारामा।** खेत में फसल निकालने के बाद बचे हुए अवषेश धांसया पैरा को किसान खेत से निकालने के बजाय वही आग लगाकर जला देते है, जिससे आसपास के इलाकों में आग लगने का धुआं चारों ओर फैलने लगा है। आग लगने से उड़ने वाले धुएं का गुब्बार रहवासियों के घरों तक पहुंच रहा है, जिससे रहवासियों की सेहत बिगड़ने लगती है। इसी तरह का मामला ग्राम जैसाकर्रा मे देखने को मिल रहा है, जहाँ पर आग लगाई गई है, वहाँ से । रहवासियों का घर 100 मीटर की दूरी पर लगा हुआ है। आसपास के लोगों को प्रदूषित धुआं फैलने से सेहत पर प्रभाव पड़ने का डर बना हुआ है। पैरा में आग लगाना प्रतिबंधित है, परंतु जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं।



## धैर्य, एकता व अनुशासित रहकर खेलने वाला खेल है कबड्डी : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पीसीसी चीफ ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

पीसीसी चीफ व सांसद दीपक बैज ने लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत बेलर में आयोजित संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उनका आयोजनकर्ताओं व खिलाड़ियों ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने पंक्तिबद्ध खिलाड़ियों से परिचय लिया तत्पश्चात सिक्का उछालकर खेल की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कबड्डी का खेल आज विश्व प्रसिद्ध है यह खेल पूरे धैर्यता, एकता व अनुशासित रहकर खेलने वाला खेल है। युवाओं को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। किसी भी खेल को खेलने से शारीरिक बौद्धिक व्यायाम होता है और अन्य कई बीमारियां दूर होती हैं। उन्होंने ग्राम बेलर के युवाओं को संदेश दिया कि वे ऐसे खेलों से निकलने वाले खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करें, जिससे कि वे आगे बढ़कर राज्य व देश के स्तर तक अपने खेल को खेल सकें साथ ही अपने गांव का नाम रौशन कर सकें। इस दौरान महेश कश्यप, प्रेमवती बाकड़े, बोदा मंडावी, प्रवीण राणा समेत खिलाड़ी व ग्रामीण मौजूद थे।

## घासीदास जयंती पर कांग्रेसियों ने लिया सेवा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने राजीव भवन में बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई। शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बाबा गुरु घासीदास की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब लोग ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी जातिवादी सामाजिक समस्याओं से घिरे थे, ऐसे समय में उन्होंने लोगों को एकता और भाईचारा का पाठ पढ़ाया। उन्होंने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा और सामाजिक कार्य में बिता दिया। उनके उपदेशों ने समाज के सामाजिक कुप्रथाओं को दूर किया था। संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी सतपाल शर्मा ने किया। इस दौरान महापौर सफीरा साहू, सत्तार अली, अंगत प्रसाद त्रिपाठी, नरेंद्र तिवारी जोहन सुता, पार्षद लता निषाद, ललिता राव, कमलेश पाठक, महेंद्र महापात्र, जाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी, अनुराग महतो, अभिषेक नायडू, असीम सुता, अभिषेक गुप्ता, आदर्श दलई, शहनाज बेगम, बबली भाई, हनुमान द्विवेदी, दुर्योधन कश्यप, रविशंकर तिवारी, राजा कश्यप, मनोज यादव, किशन यादव, सलीम जाफर अली, विशाल खम्बारी समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## किसान क्रेडिट कार्ड बनाने सघन अभियान

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार बस्तर जिले के राजस्व और वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का चिन्हांकन कर शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड तैयार करने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में जिले के सभी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित यथा लैम्पस में कृषकों का केसीसी प्रकरण तैयार किया जा रहा है। कृषि एवं उद्यानिकी, मत्स्यपालन, पशुपालन इत्यादि आनुषांगिक विभागों द्वारा लक्षित कृषकों का चिन्हांकन कर दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए प्रकरण तैयार कर लैम्पसों में जमा किया जा रहा है, जहां से बैंकों एवं लैम्पसों द्वारा जमा किए प्रकरणों का केसीसी तैयार किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## 80 साल से अधिक उम्र के पेंशनरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रविवार को पेंशनर दिवस समारोह भानुप्रतापपुर में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें प्रांतीय पदाधिकारी, जिला शाखा अध्यक्ष राज्य के सभी जिलों से उपस्थित रहे। उप प्रांताध्यक्ष, जिला शाखा अध्यक्षों का शाल से सम्मान किया गया। साथ ही 80 वर्ष की उम्र पार कर चुके पेंशनरों का भी सम्मान किया गया। भारी संख्या में महिला पेंशनर उपस्थित रहीं। रैली के समापन के बाद, प्रांताध्यक्ष डॉ डीपी मनहर को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। प्रांताध्यक्ष ने मुख्य अतिथि सांसद मोहन मंडावी को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। केंद्र के समान 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता एवं धारा 49/ 6 को समाप्त करने तथा 60 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों को रेल किराए में महिला को 50 प्रतिशत एवं वरिष्ठ नागरिकों को 40 प्रतिशत की छूट पूर्व की भांति देने की मांग की। पेंशनर दिवस समारोह में जगदलपुर जिला बस्तर से अध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष केके द्विवेदी के मार्ग दर्शन में महिला पेंशनर के साथ 22 पेंशनरों ने भाग लिया।

## चारामा निवासी पर कार्रवाई करने की मांग रखी

# प्रधानमंत्री के लिए अपशब्द, भाजपाइयों ने एफआईआर दर्ज करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पहले भी आवेदन के बावजूद कार्रवाई नहीं होने की बात उठाई

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चारामा निवासी अनूप वर्मा द्वारा अभद्र व अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कांकेर शहर व भाजपा ग्रामीण मण्डल द्वारा आज भाजपा के वरिष्ठ व जिला पदाधिकारियों की उपस्थिति में कांकेर थाने में एफआईआरर दर्ज कराने पत्र सौंपा है।



भाजपाइयों द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है कि चारामा के वार्ड क्रमांक 10 निवासी अनूप वर्मा द्वारा आडियो काल के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बहुत ही अशोभनीय व अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है, जो कि किसी के लिए भी असहनीय हो सकता है। अनूप वर्मा द्वारा देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ कही गई बातों से न केवल भाजपा कार्यकर्ता बल्कि आम जनता भी आहत हुआ है। इससे पूर्व भी उनके द्वारा प्रधानमंत्री के बारे में अपमानजनक बातें कही गई थी, जिसकी जानकारी 23 अक्टूबर 2023 को चारामा थाने में दी गई थी। परंतु चारामा थाना के द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे अनूप वर्मा का दुस्स्साहस बढ़ गया और उसने पुनः प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्द कहा है। भारतीय जनता पार्टी ने कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया है और एफआरआई करने पत्र सौंपा है।

कांकेर थाना में एफआरआई दर्ज कराने पहुँचे भाजपाइयों में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा, राजीव लोचन सिंह, हीरा मरकाम, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, दीपक खटवानी, गिरधर यादव, मीरा सलाम, विजय लखवानी, ईश्वर सिन्हा, ईश्वर कावडे, उत्तम जैन, पप्पू मोटवानी, जयंत अटभैया, मन्नूराम कुमेटी, योगेश साहू, नीलू तिवारी, अंशु शुक्ला, घनेन्द्र ठाकुर, जयप्रकाश गेडाम, प्रकाश निषाद, विजय साहू, राजहंस मटियारा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

